यूपी में 1141 करोड़ रुपये का निवेश करेगी ताइवान की कंपनी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को लखनऊ में उनके सरकारी आवास पर ताइवान की प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी क्रिएटिव सेंसर इंक. के चेयरपर्सन यूजीन हुआंग ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान यूजीन हुआंग ने उत्तर प्रदेश में एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेंसर मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में लगभग 1,141 करोड़ रुपये यानी 122 मिलियन यूएस डालर के निवेश का प्रस्ताव रखा।

भेंट के दौरान यूजीन हुआंग ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की बेहतर कानून-व्यवस्था, पारदर्शी कार्यप्रणाली और निवेश-अनुकूल नीतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जिस तेजी से विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे का विकास हुआ है।

मुख्यमंत्री ने यूजीन हुआंग और क्रिएटिव सेंसर इंक. के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए प्रस्तावित निवेश पर प्रसन्नता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे पसंदीदा निवेश गंतव्य है और सरकार प्रदेश में एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। क्रिएटिव सेंसर इंक. की इस परियोजना से प्रदेश में 1,150 से अधिक नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे, जिनमें स्थानीय इंजीनियरों और प्रबंधन पेशेवरों के लिए उच्च-कौशल रोजगार के अवसर शामिल हैं।



ताइवानी कंपनी के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की।

पढ़ लिखकर 'प्रिंस' बनो:योगी

जनता दर्शन

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को जनता दर्शन में अलग अंदाज में नजर आए। गोंडा के कक्षा-8 के छात्र प्रिंस साहू ने उनसे क्रिकेट खेलने के लिए आर्थिक सहायता और कोचिंग की व्यवस्था कराने की गुहार लगाई। मुख्यमंत्री ने करीब 4-5 मिनट तक उसकी काउंसलिंग की और कहा, कि बेटा, तुम्हारा नाम प्रिंस है, इसलिए पढ़-लिखकर प्रिंस बनो। हम क्रिकेट में भी तुम्हारा एडमिशन करवा देंगे। प्रिंस ने बताया कि उसे बचपन से क्रिकेट खेलने का शौक है, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने से वह फीस और किट का खर्च नहीं उठा सकता। मुख्यमंत्री ने उसे क्रिकेट कोचिंग में दाखिला दिलाने का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में पहुंचे अन्य फरियादियों को भी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया।